# वन्स अ कैडेट, ऑलवेज अ कैडेट के नारों से गूंज उठा मैत्रेयी कॉलेज का वातारण

## एनसीसी उत्सव निष्ठा 2025 का हुआ आयोजन

डॉ.हेमलता रानी

नईदिल्ली।मैत्रेयी कॉलेज (3 दिल्ली गर्ल्स बटालियन), दिल्ली विश्वविद्यालय में गुरुवार को वार्षिक एनसीसी उत्सव षनिष्ठा 2025ष का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मधुप उपाध्याय उपस्थित थे। उनके साथ मैत्रेयी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. हरित्मा चोपड़ा, उप–प्राचार्या प्रो. पिंकी बजाज गांधी और मैत्रेयी एनसीसी की एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) अर्चना अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा द्विगुणित हो गई। इस उत्सव में दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों से बड़ी संख्या में कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में कई रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, स्क्वॉड ड्रिल, क्वार्टर गार्ड, रस्साकशी, पायलटिंग, समूह क्विज़, पीपीडीटी, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और फोटोग्राफी प्रमुख थीं। इस आयोजन की योजना और संचालन में सीनियर अंडर ऑफिसर देविका सिंह, जूनियर अंडर ऑफिसर ज़ोया शर्मा, सरिता, तानिया पंवार, खुशी शुक्ला, गनिका, सीएचएम पारुल यादव और सीक्यूएमएस मोना यादव ने अपनी समर्पित टीम के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैत्रेयी एनसीसी राष्ट्र भक्ति और समाज के प्रति कर्तव्य निष्ठा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्रतिवर्ष इसकी उपलब्धियाँ इसकी कर्मठता की परिचायक होती हैं।







षनिष्ठा उत्सवष के माध्यम से विभिन्न कॉलेजों के बड़ी संख्या में कैडेट्स को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच मिलता है। इस उत्सव की गतिविधियाँ छात्रों का मनोबल बढ़ाने के साथ–साथ उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल मधुप उपाध्याय ने कैडेट्स को प्रेरित करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने विचारों और अनुभवों से युवाओं में ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में एनसीसी समिति के सदस्यकृडॉ. राखी गुप्ता, डॉ. मीनू कुमारी और डॉ. रिंपीकृभी कैडेट्स का उत्साहवर्धन करने के लिए मौजूद थे। मैत्रेयी एनसीसी कैडेट्स की कुशल नेतृत्व क्षमता व अथक परिश्रम से षनिष्ठा 2025ष पूरे उत्साह और जोश के साथ सफलतापूर्वक मनाया गया। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के 40 विभिन्न कॉलेजों के लगभग 700 कैडेट्स ने अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन के मूल सिद्धांतकृसमर्पण, दृढ़ता और सत्यताकृइसकी आत्मा बने रहे और भविष्य में भी इसकी पहचान बने रहेंगे। पूरे दिन परिसर में ऊर्जा, उत्साह और अटूट प्रतिबद्धता की भावना व्याप्त रही।कार्यक्रम का समापन ष्एकता और विविधताष की भावना को दर्शाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। अंत में, कैडेट्स के जोशीले नारोंकृ ष्वन्स अ कैडेट, ऑलवेज अ कैडेटष्कृ से वातावरण गूंज उठा।

दैनिक आधुनिक राजस्थान

# मैत्रेयी कॉलेज दिल्ली का वार्षिक एनसीसी कार्यक्रम गर्ल्स बटालियन निष्ठा-2025 सम्पन्न

**( आधुनिक राजस्थान )कृष्ण चतुर्वेदी, दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में 3 अप्रैल को वार्षिक एनसीसी उत्सव निष्ठा 2025 का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मधुप उपाध्याय उपस्थित थे। उनके साथ, मैत्रेयी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. हरित्मा चोपड़ा, उप-प्राचार्या प्रो. पिंकी बजाज गांधी और मैत्रेयी एनसीसी की एएनओ लेफ्टिनेंट ( डॉ.) अर्चना अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा द्विगुणित हो गई।




इस उत्सव में दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों से बड़ी संख्या में कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में कई रोमांचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, स्क्वॉड ड्रिल, क्वार्टर गार्ड, रस्साकशी, पायलटिंग, समूह क्विज़, पीपीडीटी, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और फोटोग्राफी प्रमुख थीं। इस आयोजन की योजना और संचालन में सीनियर अंडर ऑफिसर देविका सिंह, जूनियर अंडर ऑफिसर ज़ोया शर्मा, सरिता, तानिया पंवार, खुशी शुक्ला, गनिका, सीएचएम पारुल यादव और सीक्यूएमएस मोना यादव ने अपनी समर्पित टीम के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैत्रेयी एनसीसी राष्ट्र भक्ति और समाज के प्रति कर्तव्य निष्ठा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्रतिवर्ष इसकी उपलब्धियाँ इसकी कर्मठता की परिचायक होती हैं। निष्ठा उत्सव के माध्यम से विभिन्न कॉलेजों के सैकड़ों कैडेट्स को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच मिलता है। इस उत्सव की गतिविधियाँ छात्रों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल मधुप उपाध्याय ने कैडेट्स को प्रेरित करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने विचारों और अनुभवों से युवाओं में ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में एनसीसी समिति के सदस्य-डॉ. राखी गुप्ता, डॉ. मीनू कुमारी और डॉ. रिंपी-भी कैडेट्स का उत्साहवर्धन करने के लिए मौजूद थे। मैत्रेयी एनसीसी कैडेट्स की कुशल नेतृत्व क्षमता व अथक परिश्रम से निष्ठा 2025 पूरे उत्साह और जोश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के 40 विभिन्न कॉलेजों के लगभग 700 कैडेट्स ने अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन के मूल सिद्धांत-समर्पण, दृढ़ता और सत्यता-इसकी आत्मा बने रहे और भविष्य में भी इसकी पहचान बने रहेंगे। पूरे दिन परिसर में ऊर्जा, उत्साह और अटूट प्रतिबद्धता की भावना व्याप्त रही। कार्यक्रम का समापन एकता और विविधता की भावना को दर्शाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। अंत में, कैडेट्स के जोशीले नारों-वन्स अ कैडेट, ऑलवेज अ कैडेट-से वातावरण गूंज उठा।